मांडलगढ़ में निर्दयी मां ने दो बच्चों की हत्या कर खुदकुशी का प्रयास किया

वारदात का पता चलने पर आरोपी महिला के ससुर प्रभुलाल तेली ने थाने में दी रिपोर्ट

मांडलगढ़, (निसं)। मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव में रविवार को दिल दहला देने वाली वारदात का मामला सामने आया है। एक 35 वर्षीय निर्दयी माँ ने दो मासूम बच्चों की निर्मम हत्या कर खुद ने गले में फंदा लगा कर खुदकुशी करने की कोशिश की। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

माण्डलगढ़ थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मानपुरा निवासी आरोपी महिला के ससुर प्रभुलाल तेली ने थाने में दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके बेटे राजू की बहू संजू देवी तेली ने उसके 8 वर्षीय पौत्र भैरूलाल व 10 वर्षीय पुत्री नेहा की निर्मम हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए माण्डलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई और एफएसएल टीम साक्ष्य जुटाने के लिए मौक़े पर पहुंचे। इस घटना की खबर आग की तरह आसपास इलाके में फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसने भी इस वारदात के बारे में सुना वो स्तब्ध रह गया। आरोपी महिला द्वारा इस वारदात को अंजाम देने के बाद मासूम बच्चों के खून में लथपथ शव देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास पड़ोसियों में भी कोहराम मच गया।

आरोपी महिला (मृतक बच्चों की मां) को उपचार के लिए माण्डलगढ़ अस्पताल से हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया।

जानकारी के अनुसार मानपुरा में रविवार को हुई हृदयविदारक घटना में एक मां पर अपने ही दो मासूम बच्चों की टेंट लगाने में प्रयुक्त लोहे के सरिए और धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप सामने आया है।

घटना से पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मृतक बच्चों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया है। वहीं घटना के बाद फाँसी का फंदा लगाने से अचेत हुई आरोपी महिला (मृतक बच्चों की मां) को उपचार के लिए माण्डलगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला संजू देवी के पेट में गठान और मुंह में छाले की बीमारी होने से वह मानसिक तनाव में थी, जो इस वारदात की वजह हो सकती है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष की पुष्टि नहीं की है।

फिलहाल आरोपी महिला का पुलिस सुरक्षा जिला अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। स्वस्थ होने पर आरोपी महिला के बयान लिए जाएंगे। आरोपी महिला का पीहर होडा गाँव बताया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और

- आठ वर्षीय बेटे व दस वर्षीय बेटी की हत्या कर मां ने गले में फंदा लगा खुदकुशी करने की कोशिश की
- मां पर दो मासूम बच्चों की टेंट लगाने में प्रयुक्त लोहे के सरिए और धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप है
- बताया है कि आरोपी महिला पेट में गांठ से ग्रस्त होने से मानसिक तनाव में थी

पोस्टमार्टम व फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पड़ोसियों के अनुसार परिवार सामान्य दिखता था, घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और शोक व्याप्त है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चने की दाल के कट्टों के बीच अवैध डोडा-पोस्त जब्त

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन में डीएसटी और बरौनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 70 किलो डोडा-पोस्त जब्त किया है, जब्त डोडा-पोस्त की बाजार कीमत करीब 11 लाख रुपए है। यह मादक पदार्थ चने की दाल के कट्टों के बीच छुपाकर मध्य प्रदेश से पंजाब ले जाया जा रहा था, कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीएसटी टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में रविवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद बरौनी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बरौनी थाने के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चैंकिग करने पर एक ट्रक में भरे चने के कट्टों में आरोपियों ने प्लास्टिक की थैलियों में डोडा-पोस्त छुपाकर रखा था, जहां मौके पर ही ट्रक से कुल 70 किलो डोडा-पोस्त जब्त किया गया। इसके बाद ट्रक चालक और उसके साथ मौजूद व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जावरा, मध्य प्रदेश से ट्रक में चने की दाल के कट्टों के बीच डोडा-पोस्त छुपाकर मादक पदार्थ को होशियारपुर, पंजाब ले जाया जाना था। इस कार्यवाही में आरोपी नरेन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह सैनी निवासी मुण्डिया कला, थाना जमालपुर, जिला लुधियाना पंजाब और गुरुप्रीत सिंह पुत्र दिलबिन्दर पाल रविदासीय निवासी गोलिया, थाना गढ़

- मध्य प्रदेश से पंजाब जा रहा था माल
- ट्रक चालक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया

शंकर, जिला होशियारपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

इसी प्रकार निवाई थानाधिकारी घासीराम के नेतृव गठित टीम द्वारा दौराने गश्त वनस्थली मोड के आगे राधास्वामी सतसंग आश्रम वनस्थली रोड तालाब के पास से एक संदिग्ध आरोपी दयाराम पुत्र प्रहलाद सांसी निवासी केथूनिया सासीयों की ढाणी थाना निवाई सदर को पूछताछ के बाद शक होने गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 546 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया जाकर एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नकली नोटों की बड़ी खेप लेकर जा रहा है। इस पर एसआई मोहनलाल कड़वासरा की टीम ने घेराबंदी की। ऊपनी मार्ग पर एक खेत के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे गंगाजल जाट को रोका। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 500-500 रुपए के 348 नोट मिले। जांच करने पर वे नकली निकले। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर नोट जब्त कर लिए। आरोपी युवक बाना गांव का निवासी है। वह आदतन अपराधी है। पूर्व में भी विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह नकली नोट किसी अन्य व्यक्ति को सप्लाई करने की फिराक में था। वह बाहर के राज्य से नकली नोट लाकर यहां सप्लाई करने जा रहा था। उसे रविवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उसके बाद उससे नकली नोट लाने और बेचने वालों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

1.74 लाख के नकली नोट सहित एक गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। क्षेत्र में चलाने के लिए लाए गए 500-500 रुपए के 348 नकली नोट के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास एक लाख 74 हजार रुपए की कीमत के नकली नोट बरामद हुए हैं।

शनिदेव मंदिर में तोड़फोड़

सायला, (निसं)। कात्यायनी माता मंदिर के पास स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार रात्रि को तोडफोड करने एवं आगजनी की घटना हुई। जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः श्रद्धालु प्रतिदिन की तरह मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गए थे। उन्होंने मंदिर में तोडफोड एवं आगजनी के निशान देखकर आसपास के लोगों को घटना बताई।

सोपुरा के जंगलों में अवैध खनन करने वालों पर दबिश

भीलवाड़ा के सोपुरा गांव में पुलिस की विशेष टीम ने रेड मारकर अवैध बजरी खनन का पर्दाफाश किया

भीलवाड़ा, (निसं)। सोपुरा गांव में पुलिस की विशेष टीम ने रेड मारकर इस पूरे खेल का पर्दाफाश किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के सख्त निर्देशों पर बीती रात जिला टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याय और आईपीएस आयुष शोत्रिय की अगुवाई में पुलिस टीम ने बड़लियास थाना क्षेत्र के सोपुरा गांव के जंगलों में पूरी रात छिपकर ऑपरेशन चलाया।

इस दौरान बनास नदी में अवैध खनन करते हुए 7 से 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया है।

पुलिस जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। तथाकथित "बनास बचाओ आंदोलन" की आड़ में बजरी माफिया अवैध खनन का रास्ता साफ़ कर रहे थे। आरोप है कि माफियाओं का मकसद आंदोलन के नाम पर सरकारी लीजधारियों को उनकी निजी संपत्ति से डराकर भगाना था, ताकि वे बेखौफ होकर अवैध खनन कर सके।

जानकारी के अनुसार इसी गिरोह ने 28 दिसंबर 2025 को भी लीजधारियों पर जानलेवा हमला किया था। कार्रवाई के दौरान बजरी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने पुलिस की टीम के साथ भी हाथापाई की और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। पुलिस ने साफ कर दिया है कि वर्दी पर हाथ डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सरकारी लीजधारियों को सुरक्षा दी जाएगी और अवैध माफियाओं को सीधा जेल का रास्ता दिखाया जाएगा।

नोखा में घना कोहरा छाया, पारा 3 डिग्री दर्ज

नोखा, (निसं)। यहां शीतलहर का प्रकोप जारी है। बीते तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने मकर संक्रांति तक सर्दी और बढ़ने की संभावना जताई है।

कड़ाके की ठंड का असर आम जनजीवन पर साफ दिख रहा है। सुबह के समय लोग देर तक घरों में रहने को मजबूर हैं। ठंड के कारण सुबह 10 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। रविवार सुबह भी बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बेहद कम रही। शहर की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ठंड का प्रभाव अधिक है। कई गांवों में तापमान 3 डिग्री से भी नीचे चला गया है। खुले में रखे बर्तनों में पानी जमकर बर्फ बन गया, जिससे सर्दी की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीती रात शीतलहर के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद रात 9 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा। लोग पूरे शरीर को ऊनी कपड़ों से ढककर ही घरों से बाहर निकले। रविवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री गिरकर 3 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान में करीब 19 डिग्री का अंतर दर्ज किया गया। ठंड का असर वाहनों पर भी नजर आया। नोखा के तिरुपति नगर में गर्वित माली की कार पर सुबह बर्फ जमी हुई दिखाई दी।

पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में पांच आरोपी पकड़े

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण की मोड़क व सांगोद पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पूर्व में पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में फरारी काट रहे हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा सहित चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

- पुलिस से मुठभेड़ में हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा पैर में गोली लगने से घायल हुआ
- हार्डकोर अपराधी दो दिन पूर्व भी पुलिस पर कर फायरिंग चुका था, हथियार भी जब्त किये

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मोड़क पुलिस को सूचना मिली कि गत दिनों सांगोद थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर फायरिंग करने के प्रकरण में एवं कोटा शहरी क्षेत्र में फायरिंग के प्रकरण में फरार हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा चौसला ब्रीज के पास अमरूद के बाग में छिपा हुआ है। सूचना पर वृत रामगंजमण्डी व थाना सांगोद की टीम एवं कार्यालय पुलिस

पुलिस से मुठभेड़ में हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण की स्पेशल टीमों द्वारा उक्त स्थान पर दबिश दी गई, जहां हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा अपने साथियों के साथ छिपा हुआ दिखा। पुलिस टीम ने हार्डकोर अपराधी सहित अन्य आरोपियों को चारों तरफ घेर लिया और आरोपियों को आत्मसमर्पण करने को कहा। ग्रामीण एसपी ने बताया कि अपराधी ने आत्मसमर्पण की जगह पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जबावी में पुलिस टीम ने फायरिंग की जिसमें हार्डकोर अपराधी आदिल के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया एवं अन्य अपराधी के साथी भी भागने का प्रयास करने लगे जिससे उनके भी चोंटे आईं, जिनको पुलिस द्वारा इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हार्डकोर अपराधी खेलदार मोहल्ला सांगोद निवासी आदिल मिर्जा सहित मोडक निवासी फेजल उर्फ टीपू, छापड़ा मोडक निवासी फय्यूम एवं मोड़क निवासी अल्फेज खान को गिरफ्तार किया, पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के पास से एक 12 बोर देशी कट्टा दो नाली, दो देशी कट्टा, एक पिस्टल व 3 मेगजीन मय 16 जिंदा कारतूस एवं एक चाकू, सहित चार मोबाईल एक डोगल व वाहन जब्त किये है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि दो दिन पूर्व शुक्रवार को सांगोद इलाके में हार्डकोर अपराधी आदिल मिर्जा को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर भी अपराधी ने फायरिंग की थी और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था, अपराधी शहरी क्षेत्र के कैथूनीपोल थाना इलाके में हुई एक फायरिंग की घटना के बाद से फरार चल रहा था। कोटा ग्रामीण इलाके के सांगोद क्षेत्र से फरार होने के बाद अपराधी की तलाश के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना के निर्देशन में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। पकड़े गये अपराधी आदिल मिर्जा पर लूट, डकैती सहित कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हं

गुजरात के अंतर्राष्ट्रीय "काइट फेस्टिवल" की झलक कोटा में देखने को मिली

कोटा, (निसं)। ड्रैगन शेप पतंगें, विशालकाय पतंगें, लाईव बैंड, गरबा, ढोल-नगाड़े, हर घंटे लकी ड्रॉ व आकर्षक पुरस्कार। कुछ इसी तरह का नजारा रहा अग्र-आरोही अग्रवाल महिला मंच एवं श्री उम्मेद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "काइट फेस्टिवल" का। गुजरात के अंतरराष्ट्रीय काइट फेस्टिवल की झलक कोटा में भी देखने को मिली। सूरत और अहमदाबाद की तर्ज पर पहली बार कोटा शहर में भव्य "काइट फेस्टिवल" का आयोजन हुआ, जिसने न सिर्फ शहरवासियों को आकर्षित किया बल्कि पर्यटन की दृष्टि से कोटा को नई पहचान भी दी। इस आयोजन ने मौज-मस्ती, संस्कृति और पर्यटन तीनों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। उम्मेद क्लब स्टेडियम में दिनभर रंगीन, विशालकाय और आकर्षक पतंगों ने आसमान को उत्सवमय बना दिया।

अग्र-आरोही अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष पूजा मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर अतिथि के रूप में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, रामगंजमंडी उपखण्ड अधिकारी चारू, एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल रहे। जिस प्रकार गुजरात का काइट फेस्टिवल देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं, उसी सोच और भावना के

अग्र-आरोही अग्रवाल महिला मंच एवं श्री उम्मेद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में काइट फेस्टिवल हुआ।

साथ कोटा में इस आयोजन को साकार किया गया। उद्देश्य था कि कोटा भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन मानचित्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराए। संरक्षिका शिखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारंपरिक खेलों और सामूहिक उत्सव की भावना को पुनर्जीवित करने का प्रयास रहा। डिजिटल युग में बच्चों और युवाओं को मोबाइल से बाहर निकालकर खुले आसमान के नीचे खुशियों से जोड़ना इस फेस्टिवल का प्रमुख लक्ष्य रहा।

उड़ान काइट कार्निवल की प्रोजेक्ट कॉ-ऑर्डिनेटर शालू अग्रवाल एवं सचिव निक्की अग्रवाल ने जानकारी दी कि सुबह से शाम तक उम्मेद क्लब स्टेडियम में पतंगों का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जैसे ही

- गुजरात की तर्ज पर कोटा में पहली बार "काइट फेस्टिवल", पर्यटन नक्शे पर उभरा शहर
- "काइट फेस्टिवल" में सूरत-अहमदाबाद जैसा नजारा, रंगीन पतंगों से सजा कोटा का आसमान

ड्रैगन शेप, थ्री-डी डिजाईन, लाईटिंग वाली और विशालकाय गुजराती पतंगें हवा में लहराईं, पूरा वातावरण गुजरात के इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल जैसा नजर आने लगा। अग्र-आरोही अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष पूजा मित्तल एवं कोषाध्यक्ष सारिका मित्तल ने बताया कि बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों-हर वर्ग के लिए यह आयोजन किसी मेले से कम नहीं रहा।

उम्मेद क्लब के सचिव लोकेन्द्र सिंह राजावत एवं कार्यक्रम कॉर्डिनेटर अभिषेक मित्तल ने कहा कि इस आयोजन से कोटा की सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम मिला है और भविष्य में आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होंगे।

डूंगरपुर में गीली लकड़ी से भरे तीन ट्रक जब्त

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर गीली लकड़ी से भरे तीन ट्रक जब्त किए हैं। इन ट्रकों में हरे पेड़ों को काटकर भरी गई गीली लकड़ी मिली, जिसे गुजरात ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तीनों ट्रक चालकों को हिरासत में ले लिया है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि ऑपरेशन पृथ्वी के तहत हरे पेड़ों की कटाई, तस्करी और अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे के रास्ते अवैध गीली लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने बिछीवाड़ा में हाईवे पर नाकेबंदी की। इस दौरान तीन संदिग्ध ट्रक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने ट्रकों को रुकवाकर चालकों से पूछताछ की, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।इसके बाद पुलिस ने तीनों ट्रकों से तिरपाल हटाकर जांच की। ट्रकों में विभिन्न किस्मों के हरे पेड़ों की गीली लकड़ी भरी हुई थी। चालकों के पास लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज भी नहीं मिले।

पुलिस ने इस कार्रवाई की सूचना वन विभाग को दे दी है। वन विभाग अब यह जांच करेगा कि हरे पेड़ों की कटाई किन स्थानों से की गई थी और इस तस्करी में कौन-कौन शामिल हैं। विभाग की ओर से इस मामले में जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 19/2025-26 दिनांक 05.01.2026, खुली-निविदा सूचना संख्या 26/2025-26 दिनांक 06.01.2026, खुली निविदा सूचना संख्या 27/2025-26 दिनांक 06.01.2026, सीमित निविदा सूचना संख्या 17/2025-26 दिनांक 06.01.2026 एवं सीमित निविदा सूचना संख्या 18/2025-26 दिनांक 06. 01.2026 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। अतः इच्छुक बोलीदाता पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देख कर ऑनलाईन निविदाओं को डाउनलोड कर निविदाओं में भाग ले सकते है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	UBN No.	अनुमानित लागत (लाखों में)	जारी दिनांक	जमा कराने की दिनांक	खोलने की दिनांक
1	Camera Trap As Per H-Scheule	UBN No FOR2526 GLRC04457	60.00	05.01.2026	14.01.2026	15.01.2026
2.	रेस्क्यू सेन्टर मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य	UBN No FOR2526 WSOB04490	2.00	06.01.2026	12.01.2026	12.01.2026
3.	नैचर कैम्प मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य	UBN No FOR2526 WSOB04491	4.95	06.01.2026	12.01.2026	12.01.2026
4.	Supply & Installation of Laptop and Tablet	UBN No FOR2526 GSOB04498	2.00	06.01.2026	12.01.2026	12.01.2026
5.	Supply & Installation of Solar System	UBN No FOR2526 GSLB04509	1.53	06.01.2026	12.01.2026	12.01.2026

(पीयूष कुमार शर्मा) उप वन संरक्षक
एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय), रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, करौली